## शहर में आज



- कुर्सी रोड, गौरबाग स्थित साईं हॉस्पिटल से टेढ़ी पुलिया चौराहे तक साईं पालकी का आयोजन 9:00 बजे।
- एलडीए द्वारा बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-आई में प्रधानमंत्री आवास कालोनी के साइट ऑफिस में ओटीएस कैंप 10:00 बजे।
- बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में पोषण पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन 10:00 बजे।
- लोक भवन ऑडिटोरियम सचिवालय में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह का आयोजन 1:00 बजे।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विशेष सदन

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर निगम में गुरुवार को विशेष सदन आयोजित होगा। इसमें 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर चर्चा की जाएगी। बुधवार शाम तक सदन की तैयारी पूर्ण की गई। बैठक सुबह नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकीनाथ हॉल में होगी। इसकी अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ करेंगी। बुधवार को बैठक की सभी तैयारियां पूर्ण की गई। पार्षदों को सूचना दी गई। बैठक स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की गई। बैठक में सिर्फ पार्षद, संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और मीडिया की उपस्थित रहेगी।

### 25 मई तक होगा वृद्धा पेंशन का सघन सत्यापन

**अमृत विचार, लखनऊ:** वृद्धा पेंशन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का 25 मई तक सघन सत्यापन किया जाएगा। मृतक व अपात्र मिलने पर 10 जून तक नाम काटने के साथ पेंशन रोक दी जाएगी। बुधवार को मुख्य सचिव ने सभी जिलों के लिए निर्देश जारी किए हैं। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के अधिकारियों को सत्यापन के लिए समाज कल्याण विभाग 25 अप्रैल तक लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराएगा। सम्बंधित विभाग 25 मई तक सत्यापन पूर्ण करके 31 मई को समाज कल्याण अधिकारी को सत्यापन रिपोर्ट देंगे। चिह्नित संदिग्ध पेंशनरों का भी सत्यापन होगा। 10 जून को मृतक व अपात्र पेंशनरों की पेंशन रोकने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा फैमिली आईडी से वंचित पेंशनरों की आईडी बनाई जाएंगी।

### लोक अदालत 9 को होगा त्वरित समाधान

**अमृत विचार, लखनऊ:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से 9 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की बुधवार को अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह के निर्देश पर सचिव कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में बैंक एवं फाइनेंस कंपनी के जिला समन्वयक/पदाधिकारी के साथ पैनल अधिवक्ता भी उपस्थित रहे। सचिव ने निर्देशित किया गया कि वे अपनी बैंक शाखाओं में बैनर आदि लगाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार कराएं। समय से नोटिस आदि तैयार करके जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रेषित करें। इससे ससमय नोटिसों का तामील कराया जा सके।



**कृपया यह न करें :** चिलचिलाती गर्मी में मुंह धोना राहत तो देता है लेकिन इसके लिए पानी बहाना उचित नहीं।

# वर्तमान में 'भविष्य' के पानी की बर्बादी

## अतिदोहन की श्रेणी में नगर निगम क्षेत्र व सेमी क्रिटिकल श्रेणी में खड़ा मलिहाबाद

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- धरती की कोख से 128 फीसद पानी का होता दोहन, रिचार्ज मात्र 100 फीसद
- वाहन धुलाई सेंटर बर्बाद कर रहे पानी, लीकेज पाइपलाइन से बहता पानी

**अमृत विचार :** शहर में करीब 40 लाख की आबादी के बीच रोजाना 750 मिलियन लीटर से अधिक पानी की आपूर्ति से नगर निगम क्षेत्र अतिदोहन की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है और सूख रही धरती की कोख भरने के लिए जरूरत के मुताबिक पानी रीचार्ज के रूप में नहीं पहुंच रहा है। भूगर्भ जल विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक नगर क्षेत्र में वार्षिक 128 फीसद पानी उपयोग में खर्च होता है और रिचार्ज मात्र 100 फीसद ही हो पाता है। ऐसी स्थिति में 'भविष्य' का बचा हुआ पानी 'वर्तमान' में बर्बाद हो रहा है। अगर अब न चेते तो आने वाले समय में पानी के लिए मोहताज होना पड़ेगा।

शहर में सबसे ज्यादा जल दोहन सरकारी ट्यूबवेलों से आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में हो रही जलापूर्ति से होता है। भूजल से जितना पानी निकलता है उतना रिचार्ज नहीं होता है। कच्चा क्षेत्र न होने की वजह से बारिश के अलावा वाटर रिचार्ज का अन्य स्त्रोत नहीं है। इसके बावजूद बारिश का पानी संरक्षित न कर छत, नाली और नालों में बहकर बर्बाद होता है। बढ़ती जनसंख्या, औद्योगीकरण और सिंचाई में भी पानी का अंधाधुंध उपयोग जल की बर्बादी का एक प्रमुख कारण है।



राष्ट्रीय जुबली इंटर कॉलेज छात्रावास के पास बाइक धोता युवक। अमृत विचार

### जल दोहन की ये श्रेणी

- 70 या उससे कम फीसद पर सुरक्षित श्रेणी
- 70 से 90 फीसद तक सेमी क्रिटिकल श्रेणी
- 90 से 100 फीसद तक क्रिटिकल श्रेणी
- 100 या उससे अधिक फीसद पर अतिदोहन श्रेणी

### वाशिंग सेंटर बोरिंग करा खूब बर्बाद करते हैं पानी

- धड़ल्ले चल रहे वाशिंग सेंटर पानी बर्बाद करने में पीछे नहीं है। इन पर चलने वाले अभियान और नोटिस बेअसर है। जगह-जगह विभागीय लापरवाही से लीकेज पाइप लाइन से बर्बाद होता पानी भी जलस्तर घटा रहा है। इन्हीं कारणों से भूजलस्तर में गिरावट आई है।

### बारिश का पानी ही सुरक्षित कर सकता है भविष्य

- भूगर्भ जल विभाग के सहायक अभियंता आदित्य पांडेय ने बताया कि शहरी क्षेत्र की स्थिति खराब है। जितना पानी भूजल से निकालते हैं उतना रिचार्ज नहीं हो पाता है। बारिश के अलावा वाटर रिचार्ज का कोई अन्य स्त्रोत नहीं है। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि पानी बर्बाद न करें। संरक्षण के लिए अपने घर, ऑफिस व अन्य व्यावसायिक भवनों की छतों पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर बारिश और अपने भविष्य का पानी बचाएं। उदाहरण के तौर पर 100 स्क्वायर फीट के मकान में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बारिश का 80 हजार लीटर छह माह का पानी बचाकर भू-जलस्तर बढ़ाता है।



सिटी स्टेशन स्थित अंडरपास में भरा पानी।

### मिट रहे प्राकृतिक जलस्त्रोत



- सिर्फ शहर ही नहीं ग्रामीण का मलिहाबाद क्षेत्र सेमी क्रिटिकल श्रेणी में है। अन्य ब्लॉक की तुलना में भूजल से सबसे अधिक 75 फीसद पानी आबादी के बीच खर्च होता है। जबकि उतना रिचार्ज नहीं होता है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब और अन्य प्राकृतिक जलस्रोत संरक्षण के अभाव में मिट रहे हैं।

### संकट में पुराना लखनऊ, नया सुरक्षित

- पुराने लखनऊ का जलस्तर काफी नीचे है। इनमें मुख्य रूप से आलमबाग, अलीगंज, विकास नगर, महानगर, ऐशबाग और चौक में वाटर लेवल 50 मीटर है। जबकि नये क्षेत्र गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, जानकीपुरम आदि का वाटर लेवल 35 मीटर सामान्य है। यहां हरियाली और कच्चा क्षेत्र होने की वजह से उतना भूजल रीजार्च हो जाता है। इसके अलावा और नये वृंदावन, बसंतकुंज जैसे क्षेत्रों का वाटर लेवल 20 मीटर है। यहां भी कच्चा क्षेत्र और हरियाली के कारण वाटर रिचार्ज की समस्या नहीं है।

# 100 वर्ष पुराने हेरिटेज पेड़ों की होगी मैपिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- म्यूजियम में दिखेगा इतिहास, प्रजाति व लोकेशन के साथ तैयार होगा कैटलॉग
- एलडीए उपाध्यक्ष ने दिया आदेश, शहर की हरित विरासत को मिलेगी पहचान

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण शहर की हरित विरासत को पहचान देने के लिए 100 साल की उम्र पार कर चुके हेरिटेज पेड़ों की मैपिंग करेगा। पेड़ों की प्रजाति व लोकेशन के साथ पूरा कैटलॉग तैयार होगा। जो लखनऊ म्यूजियम ऑफ हेरिटेज एंड आर्ट में प्रदर्शित किया जाएगा। बुधवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने विश्व पृथ्वी दिवस पर इस बाबत आदेश जारी किये हैं।

कैंट स्थित दिलकुशा गार्डेन में बरगद का एक पुराना पेड़ है। मान्यता है पेड़ लगभग 400 वर्ष पुराना है। हाल में प्रदेश सरकार के सलाहकार केशव वर्मा ने इस पेड़ का मुआयना किया था। पेड़ के चारों तरफ आरसीसी चबूतरा बना था। बताया कि पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों में एक उम्र के बाद टाइलोसिस की प्रक्रिया होती है, जिससे पेड़ का तना अंदर से खोखला होने लगता है। कैम्बियम में टाइलोसिस उत्पन्न होने से तने के मध्य भाग में भोजन/पोषक तत्व जाना अवरुद्ध हो जाता है। ऐसी परिस्थिति में पेड़ अपनी बाहरी सतह से आवश्यक पोषक तत्व खींचकर पनपता है। लेकिन, लोग पेड़ों के चारों तरफ आरसीसी के चबूतरे बना देते हैं। इससे पेड़ अपनी बाहरी सतह से पोषकतत्व नहीं ले पाते और धीरे-धीरे खत्म हो जाते हैं। उन्होंने सलाह दी कि लोगों को इस तरह के पुराने पेड़ों के संरक्षण को लेकर जागरूक किया जाए।

इसे ध्यान में रखते हुए एलडीए लखनऊ के हेरिटेज पेड़ों की मैपिंग करेगा। पेड़ कहां हैं, उनकी प्रजाति, कितने पुराने व उनके इतिहास का पूरा रिकॉर्ड तैयार होगा। लोग पेड़ों की तस्वीर के साथ पूरा ब्योरा लखनऊ म्यूजियम ऑफ हेरिटेज एंड आर्ट में देख सकेंगे। इससे न सिर्फ लोग शहर की इन हरित विरासत की पहचान कर सकेंगे, बल्कि पेड़ों के संरक्षण को भी बल मिलेगा।

### एनबीआरआई के सहयोग से होगी रिसर्च

- उपाध्यक्ष ने लखनऊ म्यूजियम की क्यूरेशन टीम, प्राधिकरण के उद्यान अनुभाग एवं प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सेल (पीएमसी) को शहर में 100 वर्ष व उससे अधिक उम्र पार कर चुके पेड़ों की रिसर्च करने के निर्देश दिये हैं। एनबीआरआई से सहयोग लेकर यह रिसर्च पूरी की जाएगी। यह अपने आप में एक अनूठी पहल होगी।

# समय पर करें स्वगणना, मिलेगी सहायता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीएम ने दिए निर्देश, प्रशिक्षित किए जाएंगे पार्षद
- प्रथम चरण में 7 से 21 मई तक होगी स्वगणना
- इस कार्य में लगे कर्मियों को तकनीकी सहायता भी मिलेगी

**अमृत विचार :** 'जनगणना-2027' की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि प्रथम चरण में 7 से 21 मई तक संचालित होने वाली स्वगणना कर्मियों को समय से पूर्ण करनी है। इसके लिए तैयारी व कार्ययोजना का क्रियान्वयन अभी से कर लें। इस कार्य में लगे कर्मियों को तकनीकी सहायता भी मिलेगी।

बुधवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में स्वगणना की तैयारी, कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन से जुड़े कार्यों पर अधिकारियों के साथ बैठक की। कहा कि सभी विभागाध्यक्ष यह तय करें कि उनके अधीनस्थ समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से स्वगणना में प्रतिभाग करें। प्रत्येक विभाग में नोडल अधिकारी नामित किए जाएं, जो कर्मचारियों को स्वगणना की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें। नगर निगम सभी 110 वार्डों के पार्षदों को प्रशिक्षित करेगा। प्रशिक्षण में स्वगणना की प्रक्रिया, पोर्टल/एप का उपयोग, डेटा सुरक्षा एवं नागरिकों को मार्गदर्शन देने की विधि बताई जाएं। इसके अलावा शिक्षा विभाग समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में विशेष जागरूकता अभियान संचालित करेगा। विशेष कार्यशालाएं, गोष्ठियां एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, इससे युवा वर्ग इस अभियान का सक्रिय भागीदार बन सके।

सरकारी कॉलोनियों, आवासीय परिसरों एवं हाउसिंग सोसाइटी में विशेष अभियान चलाया जाए। इन क्षेत्रों के लिए विशेष टीमों का गठन कर घर-घर संपर्क स्थापित किया जाए एवं स्वगणना की प्रक्रिया में तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जाए। नगर निगम की एलईडी स्क्रीन, आईटीएमएस के पीए सिस्टम, प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं बाजारों में स्वगणना से संबंधित जागरूकता वीडियो एवं संदेशों का नियमित प्रसारण किया जाए। साथ ही मल्टीप्लेक्स एवं सिनेमा हॉल में फिल्म प्रदर्शन से पूर्व जागरूकता संदेश दिखाए जाने की व्यवस्था की जाए।



कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी विशाख जी।

# गोमती नगर विस्तार में अवैध निर्माण सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को गोमती नगर विस्तार के खरगापुर में अभियान चलाकर एक अवैध व्यावसायिक निर्माण सील कर दिया। कार्रवाई मानचित्र स्वीकृत कराए बिना निर्माण करने पर की गई। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि देवराज सिंह यादव व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के खरगापुर में लगभग 350 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंड पर व्यावसायिक निर्माण कराया गया था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किया गया निर्माण विहित न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन टीम ने सील कर दिया।

# हाईटेक होगी केजीएमयू की सुरक्षा, लगेंगे एआई आधारित कैमरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात होंगे पूर्व सैनिक

**20** करोड़ से लगेंगे अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) प्रशासन ने कैंपस की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने का बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत गेट से लेकर हॉस्टल तक हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखने के लिए हाईटेक निगरानी प्रणाली विकसित की जाएगी।

प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे (एआई आधारित) लगाए जाएंगे। ये कैमरे कैंपस के संवेदनशील स्थानों, प्रवेश द्वारों, शैक्षणिक भवनों और हॉस्टल क्षेत्रों में स्थापित किए जाएंगे। आधुनिक तकनीक से लैस ये कैमरे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने में सक्षम होंगे।

उन्होंने बताया कि कैमरों की खरीद प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसे पूरा होने में लगभग तीन महीने का समय लगेगा। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से इंस्टॉलेशन का कार्य किया जाएगा। साथ ही, सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए सेना से सेवानिवृत्त कर्मियों की भी भर्ती की जाएगी। सिर्फ तकनीकी संसाधनों पर ही नहीं, बल्कि मानव संसाधन को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। कैंपस में अलग से सिक्योरिटी ऑफिसर की तैनाती की जाएगी, जो सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी और समन्वय का जिम्मा संभालेगा। सुरक्षा कर्मियों की भूमिका को भी अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि इन कदमों से न केवल बाहरी तत्वों की घुसपैठ पर रोक लगेगी, बल्कि छात्र-छात्राओं और स्टाफ को सुरक्षित वातावरण भी मिलेगा। संस्थान ने स्पष्ट किया है कि कैंपस सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सुरक्षा मानकों को और सख्त किया जाएगा।

सामंजस्य — अफसरों ने बनाया व्हाट्सअप ग्रुप, व्यापारियों को जोड़ा

# बिना सूचना नहीं कटेगी बाजारों की लाइट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिस फीडर में हो दिक्कत उसी को किया जाए बंद

**अमृत विचार :** बढ़ती गर्मी और बाजारों में बिगड़ती बिजली व्यवस्था को लेकर बुधवार को लखनऊ व्यापार मंडल और बिजली अभियंताओं के बीच एक बैठक हुई। इसमें अध्यक्ष अमर नाथ मिश्र के साथ अमीनाबाद, लालबाग, लाटूश रोड, मौलवीगंज हजरतगंज आदि क्षेत्रों के बडे.व्यापारी नेता और बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता समेत कई अधिकारी शामिल हुए।

बिजली बाधित होने को लेकर संगठन प्रमुख ने कहा कि बिना प्रथम सूचना के लाइट न काटी जाए। इस पर सहमति अधिकारियों ने सहमित जताते हुए तत्काल एक ग्रुप बनाया। इसमें लखनऊ व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि एवं बिजली विभाग के अधिकारी जोड़े गए। आगे व्यापारियों ने कहा कि कोई भी फाल्ट होने पर पूरा फीडर न बंद किया जाए। सिर्फ उस ट्रांसफार्मर की लाइट काटी जाए जिससे व्यवस्था में दिक्कत आई है। इस पर आम सहमति बनीं। बाजारों में तारों के मकड़जाल कम करने की मांग पर अफसरों ने कहा कि इस पर विचार होगा। जल्द ही अपेक्षित सुधार दिखेगा।

अधिकारियों ने रस्सी बटान चिक मंडी जनाना पार्क में ट्रांसफार्मर बढ़ाने पर सहयोग मांगा जिस पर व्यापारियों ने सहमति दी। बैठक में लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, स्टेशनरी अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, केदार वाजपेयी, अतुल टंडन, संजीव अग्रवाल, मुकेश सक्सेना, सुमित साहू, आरिफ, विशाल गौड़ के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के अवर अभियंता, एसडीओ और अधिशासी अभियंता समेत कई बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



बाजारों की बिजली समस्या को लेकर बिजली विभाग के अफसरों के साथ बैठक करते लखनऊ व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

# गैरहाजिर 21 कर्मियों पर एफआईआर के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जोन-3 में जनगणना प्रशिक्षण के दूसरे दिन अनुपस्थित रहे कर्मी
- सुपरवाइजर और प्रगणक में लगे हैं नगर निगम के कर्मचारी

**अमृत विचार :** नगर निगम जोन-3 अंतर्गत जनगणना प्रशिक्षण में दूसरे दिन 21 सुपरवाइजर और प्रगणक अनुपस्थित रहे। इनके खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए एफआईआर दर्ज कराने निर्देश दिए हैं। बुधवार को अलीगंज स्थित गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण का चार्ज अधिकारी जनगणना/जोनल अधिकारी मनोज यादव ने निरीक्षण किया।

इस दौरान सुपरवाइजर अकरम और अतुल जायसवाल (दोनों डिस्ट्रिक्ट इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल विभाग) गैरहाजिर रहे। प्रगणकों में एआरओ सीएमओ अर्बन रितांशी शुक्ला, एडिशनल सीटीओ डेस्ट्रो ऑफिस रंजीत सिंह, वर्क्स सुपरवाइजर मैकेनिकल डिवीजन विनोद कुमार रावत, सीनियर असिस्टेंट मैकेनिकल डिवीजन राहुल कुमार कश्यप, पुलकित सिंह एवं कुलदीप तिवारी, जूनियर इंजीनियर मैकेनिकल डिवीजन संचित कुमार सिंह, सुभाष झा एवं अभिषेक कुमार गुप्ता अनुपस्थित मिले। वहीं, जोन-6 अंतर्गत स्पर्श राजकीय दृष्टि बाधित बालक इंटर कॉलेज, मोहन रोड तथा ब्राइट कैरियर स्कूल व मल्लपुर में प्रशिक्षण में 400 कर्मियों में 180 प्रगणक व पर्यवेक्षक अनुपस्थित मिले। इनके खिलाफ चार्ज जनगणना अधिकारी/जोनल अधिकारी अमरजीत यादव ने कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इनके अलावा डिवीजनल असिस्टेंट एई मैकेनिकल राघवेन्द्र कुमार यादव, जूनियर असिस्टेंट एनसीसीजीपीएचक्यू नीरज कुमार गुप्ता, जेई ट्यूबवेल इन्वेस्टिगेशन एवं प्लानिंग यूनिट-3 सुमन यादव, बाल पुष्टाहार नवाबगंज से अपर्णा गुप्ता, बाल पुष्टाहार शीशमहल से बुशरा परवीन, बाल पुष्टाहार चौपटिया-2 से विमलेश शुक्ला, हेड असिस्टेंट इन्वेस्टिगेशन प्लानिंग सर्कल-2 बृजेश कुमार, जेई इन्वेस्टिगेशन प्लानिंग सर्कल-2 प्रीति देवी, बाल विकास पुष्टाहार/सीनियर असिस्टेंट मैकेनिकल डिवीजन आशा सक्सेना व रविन्द्र सिंह प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए।



अलीगंज स्थित गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेज में प्रशिक्षण के दौरान खाली पड़ी कुर्सियां।

## सिटी ब्रीफ

### अंसल ने प्लॉट के नाम पर ठगे नौ लाख

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** आवासीय योजना के नाम पर अरबों की ठगी करने वाले अंसल निदेशकों पर नौ लाख रुपये की धोखाधड़ी की दो रिपोर्ट दर्ज की गयी है। खलीलाबाद के रहने वाले कृष्ण चंद्र द्विवेदी और विजय नाथ पाण्डेय ने बताया कि 11 अप्रैल 2013 को बसेरा इनक्लेव सेक्टर-के में द्वितीय फ्लोर पर एक-एक फ्लैट बुक कराया था। पीड़ितों ने बताया कि बुकिंग से लेकर अभी तक करीब नौ लाख रुपये का भुगतान कर दिया था। आरोप है कि अंसल एपीआई की तरफ से किस्तों के भुगतान के लिए कोई डिमांड लेटर नहीं भेजा गया। पूछने पर कंपनी ने बताया कि कानूनी अड़चन के चलते प्रोजेक्ट पूरा नहीं हो पा रहा है। मामला साफ होने पर डिमांड लेटर भेजा जाएगा। पीड़ितों ने अपने रुपये वापस मांगे लेकिन उसपर भी टालमटोल की गयी। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला से ऐंठे 25 हजार मांगे तो धमकाया

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी थाने में महिला ने निजी फर्म कर्मी पर 25 हजार हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़िता मधु सिंह निवासी बगियामऊ ने बताया कि प्रॉपर्टी फर्म मातृभूमि में काम करने वाले एक इमरान नाम के कर्मचारी ने झूठ बोलकर 25 हजार रुपये ठग लिए। वापस मांगने पर गाली गलौज कर धमकाया। पीड़िता की तहरीर पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### रंजिशन घर में घुसकर पीटा, दादी व पौत्र घायल

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** थाना क्षेत्र के सठवारा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक घर में घुसकर मारपीट की। जिसमें वृद्धा समेत दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद दबंग मौके से भाग निकले लेकिन उनकी बाइक छूट गई। पीड़ित अर्पित कुमार ने बताया कि 19 अप्रैल की शाम गांव के ही हरिराम राहुल व दिवाकर, रवि, अमर सिंह और शेरा ने कुछ अन्य साथियों के साथ लाठी डंडे हॉकी और ईंट लेकर घर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने अर्पित व उसकी दादी पराना बेरहमी से पीटा। जिससे दोनों घायल हो गए। गोसाईंगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दामाद और देवर ने पत्नी को पीटा

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** क्षेत्र के नंदा खेड़ा मजरा भट्ठी बरकत नगर निवासी दुखीलाल ने बेटी शालू के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए दामाद बलराम व देवर लवकुश के खिलाफ गोसाईंगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। दुखीलाल ने बताया कि अनूप खेड़ा का रहने वाला उनका दामाद बलराम शराब पीकर अक्सर उनकी बेटी शालू को गालियां देता और मारता-पीटता है। आरोप है कि 20 अप्रैल की रात बलराम व उसके भाई लवकुश ने नशे में शालू को लात-घूसों और लाठी-डंडों से पीटा। गला दबाकर जान से मारने की भी कोशिश की। मारपीट में शालू के सिर व शरीर में गंभीर चोटें आई, जिससे वह अस्पताल में भर्ती है।

### तमिलनाडु से शव मंगवा कराया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बख्शी का तालाब के महिगवां थाना क्षेत्र के ग्राम रमपुरवा निवासी सौरभ की संदिग्ध परिस्थितियों में तमिलनाडु में हुई मृत्यु के बाद उसका पार्थिव शरीर वापस लाने में क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने अहम भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से शव लखनऊ लाया गया, जहां परिजनों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कराया गया। सौरभ को आरोपित कमलेश, उसकी पत्नी प्रीति और उनके सहयोगी अखिलेश नौकरी का झांसा देकर तमिलनाडु ले गए थे। वहां उसकी संदिग्ध हालात में मृत्यु हो गई।

### झांसा देकर लाखों ठगे एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** वृंदावन के होटल में पार्टनरशिप का झांसा देकर जालसाज ने कारोबारी से 6.46 लाख रुपये और करीब डेढ़ लाख का सामान ठग लिया। विभूतिखंड पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विभूतिखंड निवासी कंपनी सीएमडी राकेश कुमार जायसवाल ने बताया कि 7 दिसंबर 2025 को सौरभ शर्मा ने खुद को मथुरा स्थित होटल सुरभि का मालिक बताकर साझेदारी का प्रस्ताव दिया। कागजात दिखाकर भरोसा दिलाया और होटल दिखाने के बाद निवेश के लिए राजी कर लिया। दिसंबर में आरोपी ने नवीनीकरण व अन्य खर्चों के नाम पर 4 लाख खाते में, 87 हजार नकद और करीब डेढ़ लाख का सामान दिलवा लिया। मार्च 2026 में जांच में कागजात फर्जी निकले। 5 अप्रैल को रुपये मांगने पर आरोपियों ने धमकी दी और अगवा करने की कोशिश की।

# सराफा कारोबारी ने गोली मारकर की आत्महत्या

## छोटे बेटे की पत्नी ने दर्ज करा रखी है दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट, न्यायालय में विचाराधीन है मामला, बुधवार को थी पेशी

संवाददाता, काकोरी

- पारा के बुद्धेश्वर स्थित भपटामऊ इलाके की घटना



कप्तान सिंह सरदार



घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पारा के भपटामऊ में बुधवार सुबह सराफा व्यवसायी कप्तान सिंह सरदार (55) ने कमरे का दरवाजा बंद कर अपनी लाइसेंसी बंदूक को ठुड्डी से सटाकर गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन दौड़े तो कप्तान का शव फर्श पर खून से लथपथ पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पड़ताल की। पुलिस ने बंदूक को कब्जे में ले लिया है। छानबीन में पता चला कि व्यवसायी की एक बहू ने कासगंज में दहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज करा रखी थी। जिसके चलते वह काफी परेशान रहते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मूलरूप से कासगंज निवासी कप्तान सिंह सरदार सराफा कारोबारी थे। वह पारा के बुद्धेश्वर स्थित भपटामऊ में बेटे कुलदीप, बहू पूजा, दूसरे बेटे अजय, बहू रीना के साथ रहते थे। पत्नी इंद्रावती दो बेटों पवन और विवेक के साथ कासगंज में रहती हैं। बड़े बेटे कुलदीप ने बताया कि छोटे भाई पवन की शादी मध्य प्रदेश के मंसौर जिले की रहने वाली मोहिनी से हुई है। मोहिनी ने जुलाई 2025 में पूरे परिवार पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट कासगंज कोतवाली में दर्ज करायी थी। उसके बाद से पूरा परिवार परेशान चल रहा था।

बुधवार सुबह परिवार के सभी लोगों ने चाय-नाश्ता किया। इसके बाद दोनों बेटे काम पर निकल गए। घर पर सिर्फ कप्तान सिंह और दोनों बहूएं थी। सुबह करीब सवा ग्यारह बजे कप्तान पहली मंजिल पर बने अपने कमरे में चले गए। उसके बाद अपनी लाइसेंसी बंदूक को ठुड्डी से सटाकर गोली मार ली। गोली सिर को फाड़ते हुए निकल गई। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर बड़ी बहू पूजा मौके पर पहुंची। दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। बहू ने परिजन और डॉयल-112 पर घटना की जानकारी दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो फर्श पर कप्तान सिंह का लहूलुहान हालत में शव पड़ा था। इसी दौरान एडीसीपी पश्चिम धनंजय कुशवाहा भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पड़ताल कर लाइसेंसी बंदूक को कब्जे में ले लिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि पवन की पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए दहेज प्रताड़ना के मामले को लेकर पिता परेशान चल रहे थे।

### छत व दीवार पर चिपके मांस के लोथड़े

- इंस्पेक्टर ने बताया कि कप्तान सिंह ने लाइसेंसी बंदूक को ठुड्डी में सटाकर गोली मारी। गोली चलते ही उनकी खोपड़ी के चिथड़े उड़ गए। मांस के लोथड़ें दीवारों और छत पर छिप गए। यह देखकर किसी के कमरे में जाने की हिम्मत नहीं पड़ रही थी। पुलिस ने कमरे में सील कर दिया है।

### मां और दोनों भाई गए थे तारीख पर

- मृतक के बड़े बेटे कुलदीप ने बताया कि बुधवार को कासगंज के थाना कोतवाली में दहेज उत्पीड़न के मामले में कोर्ट में तारीख थी। तारीख में मां इंद्रावती, दोनों भाई पवन और विवेक गए हैं। परिजन ने पिता की खुदकुशी की जानकारी मां और दोनों भाइयों को दे दी है।

### साली की शादी से लौटे युवक ने लगाया फंदा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** इटौंजा थाना क्षेत्र में ससुराल से साली की शादी से लौटकर घर आए युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह उसका शव लटका हुआ मिला। बड़े भाई का आरोप है कि ससुराल में किसी बात को लेकर विवाद हुआ है। जिसके चलते छोटे भाई ने आत्महत्या कर ली। वहीं, दुबग्गा के शाहपुर भमरौली में बीमारी से परेशान महिला ने मंगलवार देर रात फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। इटौंजा के वार्ड नंबर तीन पुरानी बाजार निवासी राजू चौरसिया (40) नौकरी करता था। परिवार में पत्नी निशा, एक बेटा शिवाय व बेटी श्री है। मृतक के बड़े भाई विशाल ने बताया कि राजू के ससुराल फैजाबाद के सिधौली में थी। वह 19 अप्रैल को पत्नी और बच्चों के साथ शादी में शामिल होने गया था। 20 अप्रैल को साली की शादी थी। मंगलवार देर रात करीब दो बजे राजू अपने घर पहुंचा। वहां उसने कपड़े उतारे और कमरे में चला गया। बुधवार सुबह परिजन ने राजू को आंगन में लगे जाल में कपड़े से लटका देखा। परिजनों ने पुलिस को बताया कि ससुराल में किसी बात को लेकर विवाद हुआ है। जिससे वह गुस्से में अपने घर चला आया और खुदकुशी कर ली। वहीं पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- दुबग्गा के शाहपुर भमरौली निवासी ओम प्रकाश ऑटो चालक हैं। परिवार में बेटी प्राची है। पत्नी अनीता (42) लंबे समय से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। उसका इलाज भी चल रहा था। मंगलवार शाम घर पर सिर्फ मां-बेटी थी। पति ऑटो लेकर चलाने गया था। रात में जब बेटी प्राची खाना खाने के लिए मां अनीता को बुलाने गई। मां को साड़ी से पंखे के सहारे लटका देखा तो वह चीख पड़ी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### महिला मित्र को वीडियो कॉल कर बैंककर्मी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

- **अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट के मटियारी स्थित आस्था नगर कॉलोनी में एचडीएफसी बैंककर्मी आकर्ष मिश्रा (26) ने कथित तौर पर महिला मित्र से वीडियो कॉल के दौरान फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह दोस्तों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे पंखे से लटका पाया और तुरंत चंदन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से बस्ती के पैकोलिया के बेलसर गांव निवासी आकर्ष मिश्रा यहां किराये पर रहता था और बैंक में सेल्स व क्रेडिट कार्ड से जुड़ा काम करता था। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र के मुताबिक मंगलवार रात वह खाना खाकर कमरे में चला गया। बुधवार सुबह दोस्त समीर, अनुराग, संदीप और अक्षय उसे बुलाने पहुंचे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर दरवाजा तोड़ा गया, जहां वह फंदे से लटका मिला। पुलिस के अनुसार घटना से पहले आकर्ष की बाराबंकी निवासी एक युवती से फोन पर बातचीत हो रही थी, जिसमें विवाद की बात सामने आई है। आरोप है कि उसने वीडियो कॉल के दौरान ही आत्मघाती कदम उठाया। युवती ने ही उसके दोस्त को फोन कर जानकारी दी। मृतक के पिता ने युवती पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने मोबाइल फोन कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है, जबकि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया है। पुलिस का पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

### बिजली मिस्त्री ने फंदा लगाकर की खुदकुशी



**अमृत विचार, लखनऊ:** हजरतगंज इलाके में सिविल अस्पताल में संविदा पर कार्यरत बिजली मिस्त्री ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन का आरोप है कि तीन साल से ठेकेदार वेतन नहीं दे रहा था। इसी से क्षुब्ध होकर युवक ने जान दी है।

कालिदास मार्ग बिजवा हाउस के पास रहने वाले शिवकुमार कोरी (45) बिजली मिस्त्री थे। बेटे सत्यम ने बताया कि तीन साल से पिता का वेतन ठेकेदार नहीं दे रहा था। करीब छह महीने पहले भी पिता ने ठेकेदार से रुपया मांगा तो दोनों में काफी विवाद भी हुआ था। उस वक्त ठेकेदार ने जल्द भुगतान की बात कही थी, पर कुछ नहीं दिया। मंगलवार शाम शिवकुमार ने फोन पर ठेकेदार से रुपये मांगे तो दोनों में जमकर कहासुनी हो गई। इसके बाद शिवकुमार का पत्नी संतोष से भी लड़ाई-झगड़ा हुआ। विवाद के बाद शिवकुमार दूसरे कमरे में चला गया। पत्नी संतोष देवी अपने तीन बेटों एक बेटी के साथ सोने के लिए दूसरे कमरे में चली गई। देर रात जब बड़ा बेटा सत्यम घर वापस लौटा तो उसने पिता को दुपट्टा के सहारे पंखे से लटका देखा। शोर सुन परिजन व मोहल्ले वाले भी पहुंच गए। परिजन उनको सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

# पेपर सप्लाई के नाम पर कारोबारी से ऐंठे 3.29 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुजरात की पेपर मिल का प्रतिनिधि बनकर फंसाया
- पीड़ित ने गाजीपुर थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** पेपर सप्लाई के नाम पर जालसाज ने कारोबारी से 3.29 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी ने खुद को गुजरात की श्रीजी पेपर मिल का प्रतिनिधि बताकर भरोसा जीता। पीड़ित अद्वितीय वर्मा, निवासी हरदोई, ने गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित ने बताया कि इंदिरानगर स्थित उनकी फर्म के लिए उन्होंने इंडिया मार्ट पर ए-4 पेपर सप्लायर खोजा था। 31 मार्च को एक कॉल आई, जिसमें आरोपी ने खुद को अंकित अग्रवाल बताया और व्हाट्सएप पर विजिटिंग कार्ड, रेट व अन्य विवरण भेजे। सौदा तय होने पर आरोपी ने 1 अप्रैल को प्रोफार्मा इनवॉइस भेजकर भुगतान मांगा।

पीड़ित ने पहले 79,998 रुपये ट्रांसफर किए। बाद में आरोपी ने लोडिंग स्लिप और टैक्स इनवॉइस भेजकर माल डिस्पैच होने का दावा किया और 3 व 4 अप्रैल को अलग-अलग इनवॉइस के जरिए 2,49,107 रुपये और जमा करा लिए। जब पीड़ित ने ट्रैकिंग व ड्राइवर का नंबर मांगा तो आरोपी टालमटोल करता रहा और बाद में फोन बंद कर दिया। जांच में बैंक खाता किसी अन्य महिला के नाम पर मिला। इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### आवासीय योजना के नाम पर हड़पे लाखों

**अमृत विचार, लखनऊः** देवा रोड पर ईएमआई के जरिए आवासीय योजना का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाली रियल एस्टेट कंपनी एटी ग्रीन होम्स के खिलाफ एक और मामला दर्ज हुआ है। पीड़िता पूनम सिंह ने आरोप लगाया कि कंपनी ने उनसे 3.60 लाख रुपये लेने के बाद प्लॉट नहीं दिया और वर्षों तक टालमटोल करती रही। डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा के आदेश पर विभूतिखंड पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूनम सिंह के मुताबिक, वर्ष 2011 में कंपनी के डायरेक्टर अरविंद पाण्डेय ने बाराबंकी के देवा रोड स्थित मीरपुर में प्लॉट देने का आश्वासन दिया था। 3200 वर्गफुट प्लॉट चार लाख रुपये में तय हुआ। उन्होंने एक लाख रुपये देकर बुकिंग कराई और बाद में किस्तों में कुल 3.60 लाख रुपये जमा कर दिए।

# डिजिटल अरेस्ट पिता के बेटी ने बचाए 60 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिता के व्यवहार में बदलाव देख साइबर क्राइम सेल से मांगी मदद
- काउंसलिंग के दौरान पता चली डिजिटल अरेस्ट की बात



हामिद मुस्तफा

**अमृत विचार:** डॉक्टर बेटी की सर्तकता से डिजिटल अरेस्ट बने पंचायती राज विभाग के रिटायर्ड अधिकारी के 60 लाख डूबने से बच गए। सप्ताह भर से पिता का हावभाव में परिवर्तन देख बेटी ने साइबर क्राइम सेल से मदद मांगी। काउंसलिंग से बुजुर्ग साइबर ठगी होने से बच गए। बुधवार को पिता-पुत्री ने साइबर क्राइम सेल टीम का शुक्रिया अदा किया है।

सीतापुर रोड स्थित शालीमार कोर्टयार्ड निवासी 86 वर्षीय हामिद मुस्तफा पंचायती राज विभाग के रिटायर्ड अधिकारी हैं। बेटी डा. हुमा ने बताया कि करीब सात-आठ दिन से पिता का व्यवहार में बदलाव था। वे अपना मोबाइल व लैपटॉप किसी को नहीं दे रहे थे। यही नहीं खाते-पीते भी वे मोबाइल साथ में ही रखते थे। कुछ पूछने पर भी कोई जवाब नहीं देते थे। शक होने पर हुमा 21 अप्रैल को साइबर क्राइम सेल पहुंची और सारी बात बतायी। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सैय्यद आदिल हसन व सिपाही सनीफ रजा ने बुजुर्ग हामिद की काउंसलिंग की। काफी समझाने के बाद उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को मोबाइल पर एक वीडियो कॉल आयी।

सीबीआई और आरबीआई अधिकारी बनकर मानव तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाकर डिजिटल अरेस्ट किया। धमकाया कि जांच पूरी होने तक परिवार को कुछ बताया तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों ने मामले से बचाने के नाम पर 60 लाख की मांग की। पीड़ित मुस्तफा ने 60 लाख का चेक काटा। वे देने वाले थे, तभी बेटी हुमा को शक हो गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि हुमा की सर्तकता से गाढ़ी कमाई लूटने से बच गयी। साइबर सेल के जागरूकता अभियान के कारण एक बड़ी आर्थिक क्षति होने से बच गई। हुमा ने बताया कि उनकी मां का निधन हो चुका है। भाई यूएस में नौकरी करता है।

### एलआईसी अधिकारी के खाते से उड़ाए 52.31 लाख

- **अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर ठग ने लिंक भेजकर एलआईसी अधिकारी के खाते से 41 दिन के अंदर 52.31 लाख उड़ा लिए। साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ऐशबाग स्थित ईदगाह के पास रहने वाले मोहम्मद सालिम एलआईसी एचएफएल में डीएचए के पद पर हैं। उन्होंने बताया कि साइबर जालसाजों ने उनके खाते से कई बार में 52,31,690 रुपये पार कर दिए। पासबुक अपडेट कराने पर पता चला कि 13 जनवरी से 23 फरवरी के बीच खाते से रुपये निकले हैं। पीड़ित का कहना है कि जनवरी माह में मोबाइल पर एक लिंक आया था। क्लिक कर एप डाउनलोड की थी। पीड़ित ने बताया कि ठगी के चलते उन पर भारी आर्थिक संकट आ गया है।

# छत से गिरकर मैकेनिक की मौत

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार:** इटौंजा क्षेत्र के सीतापुर रोड स्थित अर्जुनपुर गांव के पास बने बिरला ओपन माइंड स्कूल में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसे में वेल्डर की जान चली गई। अचरामऊ गांव निवासी दानिश (25) स्कूल की तीन मंजिला छत पर फाइबर की टीन शेड लगाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह ऊंचाई से नीचे आ गिरे, जिससे गंभीर चोटें आईं।

साथ में काम कर रहे तारनपुर गांव निवासी मोबिन ने बताया कि कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे। उनका आरोप है कि सेफ्टी बेल्ट तक नहीं दी गई, जिसके चलते यह हादसा हुआ। घटना के बाद आनन-फानन में दानिश को एम्बुलेंस से सौ शैया अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद से पत्नी शाहीन और चार वर्षीय बेटे आरशु का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इंटौजा इंस्पेक्टर सोबरन सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- **अमृत विचार, लखनऊ :** निगोहां के चौरसिया ढाबे के पास मंगलवार देर रात बेकाबू ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी मोहनलालगंज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। एसओ निगोहां अनुज तिवारी ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक उछलकर सड़क पर सिर के बल गिर पड़े। पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी ली, जिसमें मोबाइल फोन और आधार कार्ड मिला। मृतक की पहचान राकेश (45) पुत्र पूर्णमासी निवासी ग्राम करनपुर निगोहां के रूप में हुई, जो पेशे से मजदूर था। पुलिस ने राकेश के परिजनों को फोन कर सूचना दी।

# करोड़ों की ठगी का आरोप, एसीपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित

संवाददाता, बख्शी का तालाब



एसीपी बीकेटी कार्यालय पर प्रदर्शन करते निवेशक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** महिगवां थाना क्षेत्र में मम इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड पर करीब 25 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी का आरोप लगाते हुए दर्जनों भूखंड खरीदार बुधवार को बीकेटी स्थित एसीपी कार्यालय पहुंचे। पीड़ितों ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने और उनकी जमा पूंजी वापस दिलाने की मांग की।

शिकायतकर्ता विशाल कुमार वर्मा, दिलीप कुमार वर्मा निवासी बिशुनपुर बलिया, जितेंद्र कुमार निवासी बलिया समेत अन्य निवेशकों ने बताया कि गोमतीनगर विराजखण्ड निवासी कंपनी के निदेशक अभिषेक त्रिपाठी ने प्लॉट दिलाने के नाम पर करीब 200 लोगों से करोड़ों रुपये लिए। आरोप है कि वर्षों बीत जाने के बाद भी न तो भूखंड उपलब्ध कराए गए और न ही रकम लौटाई गई। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी ने ग्राम कुम्हरावां तहसील बीकेटी स्थित विभिन्न गाटा संख्याओं की जमीन दिखाकर सौदे किए गए। कई लोगों को रजिस्ट्री व कब्जा दिलाने का भरोसा दिया गया, लेकिन बाद में कंपनी के लोगों ने खरीदारों द्वारा कराई गई बाउंड्री तक तोड़ दी और जमीन को अपने प्रोजेक्ट में शामिल कर लिया। निवेशकों का आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर कंपनी की ओर से दिए गए चेक बाउंस हो गए। एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**सक्रियता** | रहीमाबाद पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

# बोगस फर्म बना 1.30 करोड़ की जीएसटी चोरी का भंडाफोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कागजों पर फर्जी फर्म बनाकर करीब 1.30 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी करने वाले गिरोह का रहीमाबाद पुलिस, साइबर क्राइम व सर्विलांस टीम ने खुलासा किया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर तीन मोबाइल फोन और नकदी बरामद की। जांच में सामने आया कि आरोपी गरीब लोगों को मुद्रा लोन का झांसा देकर उनके दस्तावेज लेकर फर्जी कंपनियां बनाते थे और जाली इनवाइस व ई-वे बिल के जरिए फर्जी आईटीसी बेचते थे।

एडीसीपी क्राइम किरन यादव ने बताया कि 4 अक्टूबर 2025 को राज्य कर खंड-18 के सहायक आयुक्त राम नरेश वर्मा ने रहीमाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में सूरज इलेक्ट्रिकल के नाम से गोपालपुर मढ़वाना में बोगस फर्म बनाकर फर्जी आईटीसी क्लेम करने का आरोप था। जांच में फर्म का पता और कारोबार दोनों गलत पाए गए।

मामले की जांच में इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने साइबर सेल की मदद से आरोपी रविंद गिरि निवासी लखीमपुर खीरी को सीतापुर रोड से गिरफ्तार किया। आरोपी ने बताया कि गिरोह आधार, पैन, बैंक खाते और मोबाइल नंबर लेकर फर्जी किरायानामा व बिजली बिल के आधार पर जीएसटी फर्म रजिस्टर कराता था। इसके बाद बोगस इनवाइस से लेन-देन दिखाकर अवैध कमीशन पर आईटीसी बेचता था। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि उसने डेढ़ साल में 30 से अधिक फर्म बनाकर जीएसटी चोरी की। गिरोह जरूरतमंदों को पैसे का लालच देकर उनके दस्तावेज हासिल करता था।

# मासूम से दुष्कर्म, अधेड़ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** महानगर इलाके में घर के बाहर खेल रही मासूम से अधेड़ ने दुष्कर्म किया। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि 21 अप्रैल को थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने महानगर कोतवाली में तहरीर दी। बताया कि उनकी पांच साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। तभी करीब 56 वर्षीय आरोपी छेदीलाल स्कूटी से आया और बेटी को बहला-फुसला कर स्कूटी में बैठा लिया। इसके बाद आरोपी बेटी को तिकुनिया पार्क के पीछे सुनसान जगह पर कपड़े प्रेस करने वाली दुकान के अंदर ले गया। आरोप है कि वहां आरोपी ने पहले शराब पी। इसके बाद बेटी के साथ गलत हरकत की।

बच्ची को गुमसुम देख मां ने पूछा तो उसने रोते हुए आपबीती बतायी। इसके बाद पीड़िता को लेकर मां महानगर कोतवाली पहुंची। पीड़िता ने पुलिस को बेटी के साथ हुई पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर दुष्कर्म, धमकी व पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने मासूम को मेडिकल के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी को देर रात सौमित्र वन के पास अकबरनगर बंधा से गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी छेदीलाल नगर निगम फ्लैट कॉरपोरेशन अकबरनगर बंधा सचिवालय कॉलोनी का निवासी है। पुलिस ने बुधवार को आरोपी जेल भेज दिया।

### किशोरी का यौन शोषण करने वाला गिरफ्तार

- ठसआदतगंज इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य के अनुसार 11 अप्रैल को थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने सैय्यत हयात हुसैन उर्फ समीर निवासी रुस्तमनगर गुलिस्ता कॉलोनी पर दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व उसके परिवार के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, धमकी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर बुधवार को आरोपी सैय्यद हयात हुसैन उर्फ समीर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## सिटी ब्रीफ

### भारतीय शिक्षा समिति की बैठक आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय शिक्षा समिति की कार्य योजना बैठक आयोजित की जा रही है। जिसमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री माननीय हेमचंद्र ने बैठक के उद्देश्यों और प्रस्तावना पर प्रकाश डाला। योजना बैठक के दूसरे दिन विद्यालयों में लंबे समय से प्रधानाचार्य रहे और अब अवकाश प्राप्त करने वाले ऐसे आठ प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। वार्षिक पत्रिका क्षितिज का विमोचन क्षेत्रीय मंत्री सौरभ मालवीय ने किया। इस अवसर पर हरेंद्र श्रीवास्तव और सहमंत्री अश्वनी मिश्र, सुशील त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### सीएमएस को सीबीएसई से मिली मान्यता

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, शॉलीमार वनवर्ल्ड कैम्पस अब दसवीं कक्षा तक सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त हो गया है। जबकि सीएमएस के अयोध्या रोड एवं गोल्फसिटी कैम्पसों को काउन्सिल फॉर द इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई) द्वारा आधिकारिक रूप से आईएससी (कक्षा-12) तक की कक्षायें चलाने हेतु अधिकृत किया गया है। ये दोनों कैम्पसों को अभी तक 10वीं कक्षा तक मान्यता प्राप्त थी। यह जानकारी हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी। उन्होंने बताया कि शॉलीमार वनवर्ल्ड कैम्पस को अभी दसवीं कक्षा तक सीबीएसई बोर्ड से मान्यता मिली है और जल्दी ही इसे 12वीं कक्षा तक बढ़ाया जायेगा।

### कौशल विकास प्रशिक्षण को मांगे आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज, राजाजीपुरम में उप्र. कौशल विकास मिशन के तहत 12वीं पास छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर, टेलीकॉम, सॉफ्ट स्किल्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 है। छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क यूनिफॉर्म, पुस्तकें व संबंधित स्किल्स से प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे। सभी स्किल्स से संबंधित कोर्सेज फ्री क्लासेस होंगी। ट्रेनिंग के बाद रोजगार के अवसर, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन की सुविधा और मुख्यमंत्री टैबलेट/स्मार्ट फ़ोन योजना का लाभ छात्र- छात्राएं उठा सकते हैं।

### 26 को होगा ओपन चेस टूर्नामेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन शिवानी पब्लिक स्कूल में 46वां ओपन चेस टूर्नामेंट 26 अप्रैल को आयोजित होगा। शिवानी कप में होने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 2,22,222 रुपए की ईनामी राशि दांव पर होगी। लखनऊ जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर दुबे ने बताया कि टूर्नामेंट टूर्नामेंट ओपन श्रेणी में खेला जाएगा और इसमें टॉप अंडर-14, अंडर-10 व अनरेटेड को भी पुरस्कृत किया जाएगा। टूर्नामेंट में ओपन वर्ग में क्रमश: प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय 35 हजार और तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये का होगा।

### शिक्षक एमएलसी से मिले एआरपी

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स एसोसिएशन ने शिक्षक एमएलसी श्रीचंद्र शर्मा से मिलकर मांगपत्र सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही ने बताया कि एआरपी के सामने आ रही समस्याओं से शैक्षिक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में बाधा आ रही है। मांगों में स्मार्टफोन उपलब्ध कराना, आईसीटी प्रशिक्षण, शिक्षा समितियों में प्रतिनिधित्व और सेवा पुस्तिका में कार्यदायित्व दर्ज करने जैसी बातें शामिल हैं।

# महासागरों में जमा हो रहा प्लास्टिक का पहाड़

## बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान, बीबीएयू, भाषा विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

- **पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पर जोर दिया गया**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** महासागरों में प्लास्टिक का ढेर लगातार बढ़ रहा है। अत्यधिक गर्मी, बाढ़ और जंगलों में आग की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे करोड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं। वनों की कटाई, भूमि क्षरण, अस्थायी कृषि पद्धतियां और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता ने जलवायु परिवर्तन की प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। इसका असर अब पूरी मानव जाति पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक प्रो. एमजी ठक्कर ने ये बातें कहीं। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पर जोर दिया गया।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में भी पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कहा कि पृथ्वी केवल हमारे जीवन का आधार नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की धरोहर भी है। कार्यक्रम में कई शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डीएफओ शितांशु पाण्डेय मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि प्रो. अशोक साहनी, प्रो. नरेन्द्र कुमार और प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा ने सतत विकास पर विचार रखे। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि प्रकृति हमारे धर्म का अभिन्न अंग है और उसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।



बीबीएयू में आयोजित कार्यक्रम में बोलते कुलपति प्रो. आरके मित्तल। अमृत विचार



भाषा विश्वविद्यालय में शपथ दिलाती डॉ. रुचिका सुजय चौधरी। अमृत विचार

### नो प्लान बी, नो प्लेनेट बी

- डीएफओ शितांशु पाण्डेय ने कहा कि वन केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि कार्बन सिंक के रूप में वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करते हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक कितनी भी उन्नत हो जाए, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि "देयर इज नो प्लान बी, क्योंकि देयर इज नो प्लेनेट बी।"

### प्लास्टिक पैकेट का भोजन जहर है

- प्रो. एमजी ठक्कर ने कहा कि प्लास्टिक पैकिंग में गर्म भोजन मंगाना पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। इससे निकलने वाले रसायन शरीर में जाकर गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

### सिर्फ पेड़ लगाकर नहीं होगा संरक्षण

- लविवि के भूविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. ध्रुवसेन सिंह ने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र का पुनर्स्थापन केवल पेड़ लगाने तक सीमित नहीं है। इसके लिए ऊर्जा प्रणालियों में बदलाव, कार्बन उत्सर्जन में कमी और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाना जरूरी है।

### भाषा विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

- ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'आवर पॉवर, आवर प्लेनेट' थीम पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और सतत जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रुचिका सुजय चौधरी ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं।

### पैलियोसाइंस टुडे का हुआ विमोचन

- पृथ्वी दिवस के तहत बीएसआईपी में त्रैमासिक पत्रिका 'पैलियोसाइंस टुडे' के नवीनतम अंक का विमोचन किया गया। इसमें वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

### 'जीवन का वृक्ष' थीम पर 85 छात्रों ने दिखाई रचनात्मकता

**अमृत विचार, लखनऊ:** विश्व पृथ्वी दिवस पर इनटेक लखनऊ चैप्टर ने ला मार्टिनियर कॉलेज में 'जीवन का वृक्ष' थीम पर अखिल भारतीय पोस्टर प्रतियोगिता के शहरी चरण का आयोजन किया। इसमें कक्षा 7 से 9 तक के करीब 85 छात्रों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण पर अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत की।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रकृति एवं विरासत भ्रमण से हुई, जिसमें विशेषज्ञों ने छात्रों को जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक मोहम्मद अहसन ने कहा कि पृथ्वी की रक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है और छोटे प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

प्रतियोगिता में सेठ एम.आर. जयपुरिया, सिटी मांटेसरी, आर्मी पब्लिक, स्टडी हॉल और लखनऊ पब्लिक कॉलेज समेत कई स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया। पोस्टरों के माध्यम से विद्यार्थियों ने पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के संरक्षण का संदेश दिया।

**राष्ट्रीय स्तर पर होगा मूल्यांकन:** प्रतियोगिता के पोस्टरों का मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर पर होगा, जिसमें 100 क्षेत्रीय और 10 राष्ट्रीय विजेताओं का चयन किया जाएगा।

# स्कूलों से लेकर पार्कों तक दिया पर्यावरण रक्षा का संदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**विश्व पृथ्वी दिवस**

- **नगर निगम ने चलाया क्लीन एंड ग्रीन लखनऊ अभियान**
- **सफाई, पौधरोपण और 'वेस्ट टू वंडर' गतिविधियों से बढ़ी सहभागिता**

**अमृत विचार :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को नगर निगम ने स्कूलों से लेकर पार्कों तक 'क्लीन एंड ग्रीन लखनऊ' अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महापौर सुषमा खर्कवाल के नेतृत्व में नगर निगम की आईईसी टीम, एलएसए एवं लायन एनवायरो की ऑपरेशन टीम ने विभिन्न जोन और वार्डों में सहभागिता की।

जोन-7 के वार्ड 80 स्थित पार्क में विशेष सफाई करके प्लास्टिक व अन्य कचरा एकत्र करके निस्तारण किया।पौधारोपण कर हरित वातावरण का संदेश दिया गया। स्थानीय लोगों को कचरा पृथक्करण, स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के सरल उपाय बताए। साथ ही विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। जोन-8, वार्ड-19 अंतर्गत आवासीय पब्लिक स्कूल एवं न्यू गोल्डन पब्लिक स्कूल, जोन-2, वार्ड-21 में करियर अकैडमी स्कूल, जोन-7, वार्ड-51 के क्षेत्रीय विद्यालय परिसर, जोन-5 के गुरुनानक नगर वार्ड में दर्शन स्कूल, जोन-3 के वार्ड-109 और वार्ड-47 स्थित प्राथमिक विद्यालयों में जागरूकता का संदेश दिया गया। इन कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को गीले, सूखे, सैनिटरी एवं घरेलू खतरनाक कचरे के पृथक्करण, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण के महत्व बताए। विशेष रूप से 'वेस्ट टू वंडर' गतिविधि के माध्यम से बच्चों को अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी एवं आकर्षक सामग्री बनाने के लिए प्रेरित किया गया।


विशेष अभियान में वार्ड 80 स्थित पार्क की सफाई कर पर्यावरण का संरक्षण देते लोग।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और चिप्स तय करेंगे भविष्य के युद्ध

**अमृत विचार, लखनऊ:** नेशनल क्वांटम मिशन के चेयरमैन डॉ. अजय चौधरी ने कहा कि भविष्य के युद्ध आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन और सेमीकंडक्टर चिप्स के जरिए लड़े जाएंगे। उन्होंने तकनीकी प्रभुत्व की वैश्विक होड़ में भारत के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करने की आवश्यकता बताई।

वे यूपीएसआईएफएस में 'क्वांटम कम्प्यूटिंग' विषय पर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि राज्य सरकार क्वांटम और डीप टेक क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। आईआईटी कानपुर के सहयोग से क्वांटम कंप्यूटर लाने और नोएडा-एनसीआर में डीप टेक हब स्थापित करने की योजना है। स्टार्टअप्स को 30-40 करोड़ तक की फंडिंग और एआई मिशन के लिए 225 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

संस्थान के निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने डेटा सुरक्षा को अहम बताते हुए क्वांटम तकनीक को भविष्य का आधार कहा। आईआईआईटी हैदराबाद के डॉ. संदीप शुक्ला ने बैंकों को क्वांटम सुरक्षित सिस्टम अपनाने की सलाह दी।

# इकाना पर छाया सूर्यवंशी का जादू



गर्मी पर भारी पड़ा युवाओं का जोश।


पोस्टर लेकर पहुंचा प्रशंसक।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इकाना स्टेडियम के बाहर बुधवार को क्रिकेट प्रेमियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। चिलचिलाती धूप और बढ़ते तापमान के बावजूद दर्शकों की भीड़ कम नहीं हुई और दोपहर से ही स्टेडियम के गेटों पर लंबी कतारें लग गईं।

मैदान के बाहर वैभव सूर्यवंशी का जादू छाया रहा। जर्सी बेचने वाले दुकानदारों के पास सबसे अधिक मांग सूर्यवंशी की जर्सी की रही। युवाओं और बच्चों में उनकी लोकप्रियता इतनी अधिक थी कि करीब 6,000 जर्सियां बिक गईं और कई प्रशंसकों को निराश लौटना पड़ा। 150 से 250 रुपये तक की जर्सियां कुछ ही समय में खत्म हो गईं। हालांकि लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत की जर्सी का भी अच्छा क्रेज देखने को मिला।

तेज धूप और गर्मी के बावजूद दर्शकों का उत्साह कम नहीं हुआ। चश्मे, टोपी और पानी की बोतलों की जमकर बिक्री हुई। रंग-बिरंगे चश्मे और हैट पहनकर पहुंचे फैंस ने माहौल को और जीवंत बना दिया। यह नजारा दिखाता है कि लखनऊ में क्रिकेट का जुनून हर मौसम पर भारी पड़ता है।

### स्कूल चलो अभियान का पहला चरण पूरा 455 बच्चों की पहचान

**अमृत विचार, लखनऊ:** बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विज्ञान फाउंडेशन की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से संचालित 'उम्मीदों की उड़ान' कार्यक्रम के अंतर्गत आठ दिवसीय 'स्कूल चलो अभियान' का पहला चरण बुधवार को पूरा हो गया। यह अभियान 13 से 22 अप्रैल तक शहर की 30 से अधिक बस्तियों और मोहल्लों में चलाया गया।

अभियान में 20 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक, बाल क्लब के सदस्य, एसएमसी सदस्य और अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। नुक्कड़ नाटक, समुदाय बैठक, पोस्टर प्रदर्शनी, हस्ताक्षर अभियान, जुलूस और पर्चा वितरण जैसे माध्यमों से लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 455 आउट ऑफ स्कूल और ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान की गई। अब दूसरे चरण में इन बच्चों का नामांकन नजदीकी विद्यालयों में कराया जाएगा।

## सिटी डायरी


अपर मुंख्य सचिव से मुलाकात करते शिक्षा मित्र।

### शिक्षामित्रों ने की अपर मुख्य सचिव से मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव पार्थसेन शर्मा एवं निदेशक बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल से मुलाकात की। शिक्षामित्रों ने स्वास्थ्य लाभ देने के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा और स्थानांतरण (मूल विद्यालय वापसी) जैसी समस्याओं से अवगत कराया। संगठन ने मांग की कि इसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए ताकि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे शिक्षामित्रों को समय पर उपचार मिल सके। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के तिवारी गुट के अध्यक्ष एसपी तिवारी, प्रदेश संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह, विनोद वर्मा, अजीत कुमार यादव, सुशील तिवारी आदि उपस्थित रहे।


पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते स्कूली बच्चे।

### धरती को हरा-भरा रखने का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व पृथ्वी दिवस पर लखनऊ मेट्रो ने हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' थीम पर आधारित इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण और हरित परिवहन के प्रति जागरूक करना रहा। कुंवर्स ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक, कविता, गीत और समूह नृत्य के माध्यम से प्रदूषण के दुष्प्रभाव और मेट्रो के लाभ बताए। पेड़ों की वेशभूषा में बच्चों ने यात्रियों का ध्यान आकर्षित कर 'सेव अर्थ' का संदेश दिया। छात्रों ने इंदिरा नगर से हजरतगंज तक मेट्रो यात्रा कर लोगों को सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व पृथ्वी दिवस पर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की। कार्यक्रम का संयोजन सहायक आचार्य शगुफ़्ता खान ने किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण में तकनीक की भूमिका को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। पोस्टरों में नवाचार, जागरूकता और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विभागाध्यक्ष डॉ. मज़हर ख़ालिक़ ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ. श्रियांशी गुप्ता, डॉ. मुस्कान चौधरी समेत शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान हाथों में पोस्टर लिए बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों ने बनाई हरी भरी पृथ्वी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व पृथ्वी दिवस पर सृजन फाउंडेशन द्वारा संचालित बुनियाद एकेडमी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने हरी-भरी पृथ्वी की पेंटिंग बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्लेग्रुप के बच्चों ने घर से छोटे पौधे लाकर भागीदारी की। शिक्षिकाओं ने पेड़ों के महत्व, पॉलीथीन के दुष्प्रभाव और जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी। ड्राइंग में राधा प्रथम, अक्षय द्वितीय और अश्विनी तृतीय रहे। डॉ. अर्चना सक्सेना ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

**आयोजन**

**रश्मि रथी की हीरक जयंती पर आयोजित हुई प्रतियोगिताएं**

# मानव जब जोर लगाता है, पत्थर पानी बन जाता है

- **राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मानव जब जोर लगाता है पत्थर पानी बन जाता है जैसी कालजयी रचना के राष्ट्रकवि रामधारी सिंह ''दिनकर'' की काव्यकृति 'रश्मिरथी' के हीरक जयंती वर्ष में विभिन्न साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निबन्ध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 20 विद्यालयों से आये हुए 87 छात्र-छात्राओं ने राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राजकीय जुबली इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने बिहार सरकार शिक्षा बोर्ड से आये हुए प्रतिनिधि मंडल के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की।


हीरक जयंती कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

मानव जब जोर लगाता है पत्थर पानी बन जाता है जैसे ओजमयी वाक्यों से विद्यालय का सभागार गूंजता रहा। कार्यक्रम के निर्णायक दल में शशिकला, मोनिका सिंह, सत्य सिंह, नम्रता कुशवाहा, सरिता देवी, रूबी देवी, सत्य शंकर मिश्रा, शैलेश गुप्ता एवं ज्योति कटियार उपस्थित रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता राजकीय जुबली बालिका इंटर कॉलेज नरही की छात्राएं कुमारी खुशी (पक्ष) में एवं कुमारी महिमा मौर्य (विपक्ष) में विजेता रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रिंस विश्वकर्मा निबंध, ब्रुमेश जाय, स्लोगन प्रतियोगिता सेंट क्लेयर'' इंटर कॉलेज की इंशरा काजमी प्रथम विजेता रहीं। कार्यक्रम के मंच संचालन का कार्य राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज की डॉ. वसुंधरा सक्सेना द्वारा किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. गीता वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करके परिणाम की घोषणा गई।

## सिटी ब्रीफ

### शाइस्ता अम्बर को हरित ऊर्जा में मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान



**अमृत विचार, लखनऊ :** आल इंडिया महिला मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अध्यक्ष शाइस्ता अम्बर को वैश्विक संगठन अर्थ डे डॉट ओआरजी ने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार अवर पॉवर अवर प्लेनेट स्टार्स अवार्ड-2026 से सम्मानित किया है। उन्हें यह सम्मान धार्मिक स्थलों में स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। उल्लेखनीय है कि शाइस्ता अम्बर ने रायबरेली रोड स्थित अम्बर मस्जिद में सौर ऊर्जा और सतत विकास के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। सम्मान देने वाली संस्था अर्थ डे डॉट ओआरजी ने कहा कि धार्मिक स्थलों में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की फल पूरे विश्व के लिए प्रेरणा है। इससे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। शाइस्ता अम्बर को यह सम्मान बुधवार को मुंबई के नीता मुकेश अम्बानी सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में दिया गया। वो 23 अप्रैल को भारतीय तटरक्षक बल द्वारा आयोजित अर्थ डे कार्यक्रम में शिरकत के बाद लखनऊ लौटेंगी।

### तीन माह में होगी मूर्तियों की सफाई, बदलेगी माला

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसंतकुंज में बने राष्ट्र प्रेरणा स्थल में महापुरुषों की तीनों मूर्तियों की हर तीन माह से सफाई कराई जाएगी। आगुन्तकों से टिक बिक्री का रिकार्ड रखा जाएगा। ये निर्देश लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने दिए हैं। पिछले सप्ताह उपाध्यक्ष ने 65 एकड़ में बने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निरीक्षण किया था। इस क्रम में बुधवार को सहायक अभियंता व सहायक उद्यान अधिकारी को परिसर में अटल विहारी वाजपेयी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 65 फीट ऊंची प्रतिमाओं की साफ-सफाई हर तीन माह में कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पांड की भी सफाई के साथ माला भी बदले जाएंगे। परिसर में आने वाले की बिक्री टिकट का रिकार्ड रखा जाएगा। परिसर के बाह्य क्षेद्ध में औद्यानीकरण कार्य, किड्स प्ले एरिया विकसित करना व ऑपरेशन एवं मेंटीनेंस कार्य कराने के भी निर्देश दिए हैं।

### पर्स चुराने वाली महिला पकड़ी गई

अमृत विचार, लखनऊ : अमीनाबाद में खरीदारी के दौरान गोमतीनगर की ज्ञानेंद्र का पर्स चोरी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी के 10 हजार रुपये बरामद हुए है। आरोपी महिला ने पूछताछ में अपना नाम नाजमीन पत्नी मोहम्मद नईम निवासी दरियागंज मध्य दिल्ली (हालपता पाटानाला थाना चौक) बताया।

# नींद के हार्मोन चुरा रही है मोबाइल की ब्लू लाइट

## सोशल मीडिया का अधिक उपयोग तनाव, चिंता और डिप्रेशन का कारण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- योग प्रदर्शन नहीं, दर्शन का विषय है, जिसके अभ्यास से तन और मन स्वस्थ होते हैं

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन और चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग व स्वास्थ्य सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने मोबाइल और लैपटॉप के प्रयोग को सीमित करने पर बल दिया। विशेषज्ञों ने योग के प्रभाव से शरीर में बनने वाले सकारात्मक हार्मोन और अनियमित जीवनशैली से बनने वाले नकारात्मक प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। मुख्य वक्ता डॉ. अमरजीत यादव ने कहा कि योग प्रदर्शन नहीं बल्कि दर्शन का विषय है, जिसके नियमित अभ्यास से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं और शरीर में चेतना का विकास होता है।

डॉ. यादव ने कहा कि आज का युवा मोबाइल, लैपटॉप, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर अधिक समय व्यतीत कर रहा है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों में दर्द, सिरदर्द, गर्दन और पीठ की समस्याएं बढ़ रही हैं। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग तनाव, चिंता और डिप्रेशन को बढ़ा रहा है तथा इससे आत्मविश्वास में भी कमी आती है। उन्होंने बताया कि भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान और योग निद्रा के अभ्यास से तनाव कम होता है, मन शांत रहता है और नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है।



योगाभ्यास सत्र में हिस्सा लेते लोग। अमृत विचार

विशेषज्ञों ने बताया कि रात में मोबाइल या लैपटॉप का उपयोग नींद के लिए जिम्मेदार हार्मोन मेलाटोनिन को प्रभावित करता है। स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट नींद की प्रक्रिया को बाधित करती है, जिससे नींद की गुणवत्ता खराब होती है। डिजिटल जीवनशैली के कारण लोगों की शारीरिक गतिविधियां कम हो रही हैं, जिससे मोटापा और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास सत्र में भाग लेकर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह, आशुतोष, डॉ. सत्येंद्र सिंह चौहान सहित कई शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

# माइग्रेन के इलाज में होम्योपैथी बनी संजीवनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



डॉ. लिपिपुष्पा देबता



डॉ. दिव्या वर्मा

- जानकीपुरम के केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान में हजारों मरीजों का हुआ उपचार

**अमृत विचारः** आधुनिक जीवनशैली और बढ़ते तनाव के बीच माइग्रेन एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार यह सामान्य सिरदर्द नहीं, बल्कि एक न्यूरोलॉजिकल विकार है, जिसमें सिर के एक हिस्से में तेज दर्द, मतली, उल्टी और रोशनी व आवाज के प्रति संवेदनशीलता जैसे लक्षण शामिल होते हैं। इसके प्रमुख कारणों में मस्तिष्क का रासायनिक असंतुलन, हार्मोनल बदलाव, तनाव, नींद की कमी और अनियमित खान-पान शामिल हैं।

इस समस्या के समाधान के लिए जानकीपुरम स्थित केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान में विशेष माइग्रेन प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। अनुसंधान अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा के नेतृत्व में चल रहे इस प्रोजेक्ट के तहत बड़ी संख्या में मरीजों का उपचार किया गया है और कई मामलों में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। संस्थान की प्रभारी डॉ. लिपिपुष्पा देबता के अनुसार यहां निरंतर अनुसंधान और उपचार कार्य किए जा रहे हैं।




पहलगाम हमले की पहली बरसी पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता।

# पहलगाम हमले की बरसी पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैंडल जलाकर शहीद नागरिकों को किया नमन
- पहलगाम हमले के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**अमृत विचारः** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले की प्रथम बरसी पर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से विधायक निवास पार्क रोड स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम ने किया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाकर हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। त्यागी ने कहा कि पहलगाम जैसी दर्दनाक घटना को भुलाया नहीं जा सकता, जिसमें कई बेगुनाह लोगों की जान गई थी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को इस दुख से उबरने की शक्ति देने की प्रार्थना की। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने घटना के समय भी निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई थी और आज भी उसी पर कायम है। कार्यक्रम में ओंकार सिंह, प्रमोद सिंह, विनोद मिश्रा, द्विजेंद्र त्रिपाठी, ब्रजेश सिंह, किश्वर जहां, अजय वर्मा, शाहिद अली सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पहली बरसी पर याद किये गये पहलगाम के शहीद

**अमृत विचार, लखनऊ :** पहलगाम हमले में जान गंवाने वालों की पहली बरसी पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीदों की याद में हाथों में मोमबत्तियां लेकर उनके परिवारों के साथ अपनी एकजुटता का एलान किया। पहलगाम के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में इंडियन नेशनल लीग का राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी फहीम सिद्दीकी, ऑल इंडिया क़ौमी मजलिस-ए-इत्तेहाद के संयोजक मोहम्मद उस्मान अंसारी, मोहम्मद अफ़ाक, ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शादाब कुरैशी, शहज़ाद कुरैशी, राष्ट्रीय भागीदारी आंदोलन के पीसी कुरील आदि ने शहीद स्मारक पहुंचकर पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर मोमबत्तियां जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मोहम्मद अफ़ाक ने पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पहलगाम सहित अन्य आतंकी हमलों के माध्यम से देश के दुश्मन भारत में हिंदू-मुस्लिम एकता को कमजोर करने की साज़िश करते रहे हैं, लेकिन हमारे देश के सेक्युलर सोच रखने वाले लोगों ने एकता बनाए रखकर यह साबित कर दिया है कि हम सब एक हैं और आगे भी एक रहेंगे। कोई भी ताकत हमें अपनी साज़िशों से अलग नहीं कर सकती।

# अग्नि पीड़ित बच्चों को बांटे गए स्कूली बैग और सामग्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** विकासनगर क्षेत्र में अग्नि पीड़ित परिवारों के बच्चों की सहायता के लिए वी हेल्प ग्रुप की ओर से सराहनीय पहल की गई। समूह के सौजन्य से 100 स्कूली बैग, रबर-पेंसिल किट और फल वितरित किए गए।

इस सामाजिक कार्य में राजीव कपूर, राजीव राय, रजनी मल्होत्रा, केके गुप्ता, जेके सिंह, पीएन टंडन, संदीप कपूर, मनोज कपूर, चांद कपूर, संतोष शर्मा और रजत कपूर सहित कई लोगों का सहयोग रहा। कुछ लोगों ने गुप्त रूप से भी योगदान दिया। वी हेल्प ग्रुप ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।




अग्निकांड पीड़ित बच्चों को स्कूली बैग बांटते वी हेल्प ग्रुप के सदस्य।

### समिति ने बांटे चादर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सनातन गोरखा कल्याण समिति उत्तर प्रदेश ने अपने दो वर्ष पूर्ण होने पर विकास नगर में आगजनी पीड़ितों से मुलाकात की। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष गौरव सिंह के नेतृत्व में सदस्यों ने चादरों का वितरण किया। इस दौरान अनिमेष शुक्ला, चांदनी कपूर, अनामिका सिंह, मोनिका मिश्रा, शानू मल कौशल, अंजुल चौधरी, विजय सिंह, वंदना मणि त्रिपाठी और रूबी प्रजापति मौजूद रहे।

### अग्निकांड पीड़ितों को रोजगार से जोड़ेगी तजम्मुल आर्ट सोसाइटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकास नगर क्षेत्र में हाल ही में लगी भीषण आग से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए तजम्मुल आर्ट सोसाइटी पहले दिन से ही लगातार राहत कार्य में लगी है। संस्था की सचिव डॉ. शहनाज़ खान ने बताया कि हमारी टीम रोजाना प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक सामग्री भोजन, कपड़े एवं अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित कर रही है। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था केवल राहत कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रभावित लोगों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए भी निरंतर प्रयास कर रही है। अग्निकांड पीड़ितों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है, ताकि वे जल्द से जल्द आत्मनिर्भर बन सकें।

### निबंध प्रतियोगिता में तेजस्विनी अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊः** रामधारी सिंह 'दिनकर' की कालजयी कृति 'रश्मिरथी' की रचना के हीरक जयंती वर्ष के अवसर पर महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बीए की छात्रा तेजस्विनी चक्रवर्ती ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिता में भी तेजस्विनी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य प्रो. रश्मि बिश्नोई एवं नोडल अधिकारी डॉ. मीनाक्षी शुक्ला ने बधाई दी।

# निजी लैब से जांच कराने के मामले की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू में कमीशन के लिए मरीजों की जांच निजी लैब से कराने मामले की जांच शुरू हो गई है। दोषी चिकित्सक व स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बस्ती जिले के केसवापुर निवासी 65 वर्षीय मोतीलाल आयुष्मान योजना के लाभार्थी हैं। सोमवार सुबह उन्हें इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर लाया गया था। इलाज के बाद मंगलवार को उन्हें गांधी वार्ड में शिफ्ट किया गया। यहां दोपहर करीब 12 बजे उनके बेटे अजय को तीन जांच पर्चियां दी गईं। इनमें से दो जांच के सैंपल केजीएमयू में जमा करने को कहा गया, जबकि एक पर्ची पर निजी लैब का नाम लिखकर बाहर भेजा गया।

## सिटी डायरी



राष्ट्रीय मंच पर डॉ. स्वास्तिका को किया गया सम्मानित।

### डॉ. स्वास्तिका को मिली फेलोशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के त्वचा रोग विभाग की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. स्वास्तिका सुविर्या को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें ऊटी में आयोजित 10वें क्लिनिकॉन में प्रदान किया गया। यह फेलोशिप एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल डर्मेटोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया की ओर से दी गई, जो त्वचा रोग विशेषज्ञों के बीच एक अत्यंत प्रतिष्ठित मान्यता मानी जाती है। डॉ. सुविर्या एक प्रख्यात शिक्षाविद् और कुशल चिकित्सक हैं, जिन्होंने त्वचा रोग विज्ञान के क्षेत्र में शोध, प्रकाशन और चिकित्सा शिक्षा के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सम्मान उनके निरंतर शोध, नवाचार और नैदानिक उत्कृष्टता के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर उन्हें देश के प्रमुख त्वचा रोग विशेषज्ञों के. सीतारमन, डॉ. मनोज राम और डॉ. फिरोज कलीयादन के साथ फेलोशिप प्रदान की गई।



नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

### राजीव अध्यक्ष, अजय मंत्री चुने गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन की जनपद शाखा लखनऊ का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव बुधवार को प्रांतीय कार्यालय, बलरामपुर चिकित्सालय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपी चौधरी ने की। चुनाव प्रक्रिया प्रांतीय महामंत्री प्रद्युम्न सिंह, मंडलीय सचिव जीसी दुबे व प्रांतीय अध्यक्ष जेके सचान के संरक्षण एवं देखरेख में संपन्न हुई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में राजीव कुमार कनौजिया को अध्यक्ष, एमजेड सिद्दीकी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एपी मिश्रा को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं अजय कश्यप को मंत्री, राकेश मोहन कुशवाहा को संगठन मंत्री, राजेश बौद्ध को संयुक्त मंत्री और प्रतिभा को कोषाध्यक्ष चुना गया। शैलेंद्र प्रकाश को संप्रेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई।



बैठक करते उप्र सीमेंट व्यापार संघ के पदाधिकारी।

### सीमेंट कारोबारियों की बैठक हुई

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. सीमेंट व्यापार संघ के पदाधिकारियों की बैठक अयोध्या रोड स्थित संरक्षक नरेश जैन के कार्यालय पर हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता तथा वरिष्ठ महामंत्री मनीष मोदी एवं लखनऊ इकाई अध्यक्ष अभिषेक मंसानी ने समेत कई व्यापारी नेताओं की मौजूदगी रही। बैठक में तय हुआ कि सीमेंट डीलर्स का स्थापना समारोह तीन मई दिन रविवार को सायं साढ़े छह बजे किया जाएगा। रात्रि भोज तक लखनऊ स्थित होटल क्लार्क अवध में होगा। बैठक में नरेश जैन, श्याममूर्ति गुप्ता, आकाश हूजा, राज अग्रवाल, अर्पित जैन, अभिषेक मंसानी, मनीष मोदी, ब्रजराज यादव, प्रवीण खंडेलवाल आदि शामिल रहे।



मण्डल अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी।

### समय पर प्रधानी चुनाव नहीं तो बढ़े कार्यकाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन उप्र ने समय पर प्रधानी चुनाव न होने पर कार्यकाल बढ़ाने की मांग की। बुधवार को डिप्लोमा इंजीनियर संघ भवन में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सम्पूर्णानंद ने की। प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने कहा कि चुनाव में देरी पर प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए या उन्हें प्रशासक बनाया जाए। मनरेगा भुगतान शीघ्र करने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई गई।

# विश्व हिन्दू रक्षा परिषद ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद ने गोमती नगर स्थित कार्यालय के बाहर मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। संगठन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे न केवल प्रधानमंत्री का अपमान बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया।




खड़गे के बयान का विरोध कर पोस्टर जलाते विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के कार्यकर्ता।

गोपाल राय ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस लगातार अपने राजनीतिक स्तर को गिरा रही है। उन्होंने खड़गे से प्रधानमंत्री और देशवासियों से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द माफी नहीं मांगी गई तो देशभर में व्यापक और उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने खड़गे के पोस्टर फाड़े और नारेबाजी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। गोपाल राय ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने नारी वंदन अधिनियम जैसे मुद्दों पर भी जनता की भावनाओं को नजरअंदाज किया है, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ा है।

# कॉर्पोरेट कंपनियों में उत्पीड़न की जांच की मांग, ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- धार्मिक भेदभाव के मामलों की जांच की मांग उठाई

**अमृत विचारः** हिन्दू जनजागृति समिति ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कथित महिला उत्पीड़न और धार्मिक भेदभाव के मामलों की जांच की मांग उठाई है। इस संबंध में संगठन ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय महिला आयोग को ज्ञापन सौंपा।

समिति का आरोप है कि महाराष्ट्र के नासिक स्थित एक कंपनी में कार्यरत महिला कर्मचारियों की शिकायतों के आधार पर यौन उत्पीड़न, धार्मिक दबाव और भेदभाव के गंभीर मामले सामने आए हैं। संगठन ने इन घटनाओं को चिंताजनक बताते हुए राज्य की सभी आईटी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों का सुरक्षा एवं भेदभाव विरोधी ऑडिट कराने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि पूरे प्रकरण की जांच सीआईडी की विशेष टीम से कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही भर्ती प्रक्रिया की भी जांच कराने और आंतरिक शिकायत समितियों की निष्क्रियता पर कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

## परिचर्चा

### आदिशंकराचार्य की जयंती पर संस्कृत संस्थान ने आयोजित की संगोष्ठी

# आदि शंकराचार्य एकता अखंडता के पथ प्रदर्शक : गणेश शंकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान ने न्यू हैदराबाद स्थित अपने परिसर में बुधवार को वैदिकसंस्कृतौ राष्ट्रियैकतायां च शंकराचार्यस्य अवदानम् विषय पर पर व्याख्यान गोष्ठी का आयोजन किया। संस्थान के वरिष्ठ प्रशानिक अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने इस मौके पर वक्ताओं का स्वागत करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा संस्कृत को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रो. गणेश शंकर विद्यार्थी ने बताया कि आदि शंकराचार्य ने भारतवर्ष की एकता अखण्डता के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य किया। सम्पूर्ण देश का भ्रमण करके द्वादश ज्योतिर्लिंगों एवं शक्तिपीठों को पुनः प्रतिष्ठापित किया। मात्र 32 वर्ष की अवस्था में अपनी अनेक रचानओं द्वारा हम सभी के बौद्धिक विकास के लिए अपना आशीर्वाद दिया।



गोष्ठी में मौजूद लोग। अमृत विचार

विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. सत्यकेतु ने कहा कि आदिशंकराचार्य वैदिक संस्कृति और राष्ट्रीय एकता के सूत्रधारों में अन्यतम है। भारत की विशाल भूमि के विस्तार में विद्यमान विभिन्नताओं को भांप कर आदि शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों में चार पीठों की स्थापना करके निरन्तर एकता के सूत्र में बांध दिया।

इसी कड़ी में कबीर साहेब वेदवेदांग विद्यापीठ के शिवपूजन दीक्षित ने आदिशंकराचार्य की जयन्ती पर भारत को एकीकरण के लिए चार मठों की स्थापना की जिसके माध्यम से भारत को एक माला में पिरोया जा सके। इसी के साथ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ओरिएंटल साइंसेज की उप प्राचार्य नैन श्री ने कहा कि आदिशंकराचार्य ने अपने माता के दाह संस्कार सन्यासोपरान्त करके हमें संदेश दिया कि वैदिक संस्कृति केवल शुष्क नियमों का नाम नहीं बल्कि यह करुणा और मूल्यों का नाम है। उन्होंने बताया कि वैदिक धर्म हृदयहीन नहीं है, यह प्रेम और कर्तव्यों का संगम है, तो वहीं उन्होंने चार अलग दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर एवं वहा पर दूसरे दिशा के पुजारी नियुक्त कर भौगोलिक राष्ट्रीय एकता को बल प्रदान किया।